an>

Title: Need to construct a flyover at Gate No. 320B of Anjhi Railway Station in Hardoi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र हरदोई के अंतर्गत 154, शाहाबाद से पिहानी मार्ग पर, आंझी रेलवे स्टेशन के निकट गेट नम्बर 32बी हावड़ा से अमृतसर मुख्य रेलवे मार्ग पर है, जिस पर हर पांच-दस मिनट में ट्रेन्स का संचालना होता है। गेट नम्बर 32बी से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर दो चीनी मिलें स्थापित हैं। गन्ना पेराई सत्र में कृषकों द्वारा ट्रैक्टरों एवं मिल-मालिकों द्वारा ट्रकों से गन्ना मिलों में पहुंचाया जाता है, जिससे गेट नम्बर 32बी पर आए दिन जाम लगा रहता है, जिससे क्षेत्रीय जनता, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों के आवागमन में काफी परेशानी होती है। गेट नम्बर 32बी नगरपालिका परिषद क्षेत्र से मिला हुआ है। वहां फ्लाईओवर बनाने की अति आवश्यकता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपया जनहित में गेट नम्बर 32बी पर फ्लाईओवर का निर्माण कराने की कृपा करें।

HON. SPEAKER: Shrimati Bhavana Gawali – Not present.